इंडो-इजराइल ट्रॉमा कोर्स का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

24 फरवरी, 2023 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी के बीएचयू ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी प्रो. सौरभ सिंह ने बताया कि आपदा प्रबंधन के समय किस तरह लोगों को ट्रॉमा सेंटर पहुँचाया जाए, जहाँ उनका बेहतर इलाज हो सके। इसको लेकर बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में दूसरे इंडो-इजराइल ट्रॉमा कोर्स का आयोजन 24 से 26 फरवरी तक किया जा रहा है।

प्रमुख बिंदु

- बीएचयू ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी प्रो. सौरभ सिंह ने बताया कि इंडो-इजराइल ट्रॉमा कोर्स के आयोजन के लिये इजराइल से पाँच सदस्यीय चिकित्सकीय टीम बुलाई गई है।
- उन्होंने बताया कि आयोजन से पहले टीम के सदस्यों ने ट्रॉमा सेंटर में मरीजों के इलाज, जाँच आदि की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। आपदा के समय बेहतर तरीके से प्रबंधन करने के उद्देश्य से शुरू ट्रॉमा कोर्स में 39 जीटीसी के जवान, एनडीआरएफ, पुलिस, पीएसी जवान, आरपीएफ, सीआरपीएफ के चयनित जवान प्रशिक्षण लेंगे।
- आयोजन में इजराइल में रैमबैम एचसीसी के निदेशक प्रोफेसर माईकल (मिकी) हाल्बरथल व उनकी टीम के अन्य सदस्यों समेत एम्स नई दिल्ली के ट्रॉमा सर्जरी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर अमित गुप्ता द्वारा आपदा प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indo-israel-trauma-course-inaugurated